PARAG
FANS & COOLING
SYSTEMS LTD.

CIN: U51102MP1991PLC006760

**Date: 08/09/2022**

To,
**The Metropolitan Stock Exchange of India Ltd (MSEI)**
Vibgyor Towers, 4th Floor,
Plot No C 62, G-Block,
Opp. Trident Hotel, Bandra- Kurla Complex,
Mumbai 400098

**Dear Sir/Madam,**

**Subject- Intimation of Newspaper Publication of Notice of AGM, E-Voting and Book Closure Date**

In Compliance with Regulation 47 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015 the advertisement dated 08th September, 2022 was published in "स्वदेश" and "THE ECONOMIC TIMES" edition in Hindi and English circulating at the registered office of the Company for intimating the Following-

1. Annual General Meeting to be held on Monday dated 26th September, 2022, time: 04:00 P.M and Venue: 1/2 & 1B/3A Industrial Area No. 1 A B Road Dewas MP 455001 India for the Financial Year 2021-2022.
2. E-voting shall commence on Friday 23rd September, 2022 at 09:00 AM to Sunday 25th September, 2022 at 05:00 P.M.
3. The Register of Members and Share Transfer Books will be remain closed from 20th September, 2022 to 26th September, 2022 (Both day inclusive

**Thanking you,**
Yours Faithfully,

**FOR PARAG FANS AND COOLING SYSTEMS LIMITED**

Parag Fans & Cooling Systems Ltd. DEWAS (M.P.)

**UMESH NAMBIAR**
**WHOLE TIME DIRECTOR**
**DIN: 02566355**

Regd. Office and Works:
Plot no. 1/2B & 1B/3A, Industrial Area No. 1, A. B. Road, Dewas-455 001 (M.P.)India,
Ph: ++91-7272-425100, 425102 Fax: ++91-7272-400273

## शेष-विशेष

### अशासकीय महाविद्यालयों को समय सारणी अपलोड करने के निर्देश

**इंदौर ●** उच्च शिक्षा विभाग ने देअविवि के कुलसचिव सहित समस्त महाविद्यालयों को निर्देशित किया है कि अंतरसंकायी अध्ययन व्यवस्था एवं संभाग स्तर पर कलस्टर निर्माण हेतु जारी निर्देशों का पालन करें। इसी क्रम में यह कहा गया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप समस्त महाविद्यालय अपनी-अपनी वेबसाइट पर समय सारणी अपलोड करें। यह इस तरह पठनीय हो कि विद्यार्थियों को आसानी से मालूम पड़े, साथ ही विद्यार्थियों के वाट्सएप समूह में भी इसे प्रेषित करने को कहा गया है।

### अतिथि शिक्षक आमंत्रण के संबंध में निर्देश जारी

**इंदौर ●** डीपीआई ने डीईओ सहित समस्त डीईओ और संकुल प्राचार्यों को भी निर्देशित किया है कि प्रभारी प्राचार्य एवं सीएम राईज उपप्राचार्य के विरूद्ध अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था करने के मामले में दिए गए निर्देशों का पूर्णतः पालन किया जाए। अध्यापन व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के क्रम में नियमित शिक्षक की अनुपस्थिति के विरूद्ध अतिथि शिक्षक को रख सकते हैं, किंतु निर्देशों के अनुरूप ही यह प्रक्रिया की जाए।

### अनंत चतुर्दशी पर कोर्ट में अवकाश घोषित

**इंदौर ●** अनंत चतुर्दशी के उपलक्ष्य में 10 सितंबर को जिला एवं सत्र न्यायालय, इन्दौर व उसके अधीनस्थ न्यायालयों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। अभिभाषक संघ इंदौर के पूर्व सचिव गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया कि मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के मुख्य न्यायाधिपति के आदेशानुसार मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के रजिस्ट्रार विवेक सक्सेना ने इस संबंध में अधिकारिक आदेश जारी कर दिया है।

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में जल्द लगाएंगे सीटी स्कैन मशीन

## कागजी कार्रवाई पूरी,अक्टूबर माह में इंदौर लाई जाएगी मशीन

**इंदौर ● स्वदेश समाचार**

एमजीएम मेडिकल कॉलेज द्वारा संचालित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में 64 स्लाइड की सिटी स्कैन मशीन जल्द लगेगी। इसके टेंडर खुल गए हैं। भोपाल में कागजी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अगले माह यानी अक्टूबर में ये मशीन इंदौर पहुंच जाएगी। उम्मीद है कि दीपावली में मशीनों का इंस्टालेशन हो जाएगा।




गौरतलब है कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन व एमआरआई के लिए विशेष यूनिट तैयार होनी है इसके लिए भोपाल स्तर पर एजेंसी फाइनल की जा रही है। वर्तमान में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के मरीजों को सिटी स्कैन व एमआरआई के लिए एमवाय अस्पताल में संचालित निजी एजेंसी के एमआरआई व सिटी स्कैन सेंटर पर भेजा जा रहा है।

### शुरू होगी सर्जरी

*सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में इमरजेंसी यूनिट शुरू नहीं होने से यहां मरीजों को सीधे भर्ती नहीं किया जा रहा है। एमवाय अस्पताल से रैफर मरीजों को ही यहां भर्ती किया जाता है। आकस्मिक चिकित्सा के उपकरण उपलब्ध नहीं होने से इमरजेंसी यूनिट में भी देरी हो रही है। सुपर स्पेशलिटी में एंजियोप्लास्टी व एंजियोग्राफी, यूरोलाजी, प्लास्टिक सर्जरी आदि की सर्जरी की जा रही है। जल्द ही किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट भी शुरू होगी। अस्पताल में विशेषज्ञों समेत अन्य मशीनों की उपलब्धता है लेकिन सिटी स्कैन व एमआरआई मशीन नहीं होने से उपचार नहीं हो पा रहा है।*

### ये उपकरण आना है बाकी

*अस्पताल में सिटी स्कैन,एमआरआई के अलावा न्यूरो सर्जरी व कार्डियो सर्जरी यूनिट के उपकरण भी आना बाकी है। इन उपकरणों के आने के बाद ही इमरजेंसी यूनिट तैयार होगी और हार्टअटैक,लकवा, किडनी के मरीज यहां सीधे आकर उपचार करा सकेंगे। अभी एंजियोप्लास्टी तो हो पा रही है लेकिन ओपन हार्ट सर्जरी शुरू नहीं हो सकी है।*

### मशीन आते ही जल्द शुरू होगा काम

*सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के अधीक्षक सुमित शुक्ला ने बताया कि सिटी स्कैन व एमआरआई मशीन खरीदी की प्रक्रिया पूरी होते ही मशीनें लगाने से संबंधित काम शुरू हो जाएगा।*

# पुलिस पंचायत : 15 प्रकरण में सुनवाई, 11 में राजीनामा



**इंदौर ● स्वदेश समाचार**

पुलिस पंचायत में बुधवार को 19 मामले पहुंचे थे, जिनमें से 15 प्रकरणों में सुनवाई हुई, साथ ही 11 प्रकरण में राजीनामा किया गया। अन्य चार मामले अगली सुनवाई में रखा गया है।

पुलिस पंचायत में लगातार मामले बढ़ रहे हैं। इसमें आने वाले बुजुर्गों को राहत दी जा रही है। बुजुर्गों के परिवार वालों से संपर्क कर उन्हें सभी तरह की जानकारी दी जा रही है। पंचायत में तलाकशुदा युवा बेटी के द्वारा विधवा वृद्ध मां 71 वर्षीय कनाडिया थाना क्षेत्र अंतर्गत को परेशान करने बाबत मारना पीटना और कटु शब्दों से प्रताड़ित करना सामने आया था। बुजुर्ग महिला ने शिकायत की कि उसकी बेटी ने उसे मां मानने से इनकार कर किया। बेटी ने यह भी कहा कि मेरे अलग निवास का किराया और अन्य खर्च भी मां जबरदस्ती उठाती है मेरी तरफ से कोई मांग नहीं है।

पुलिस पंचायत में दोनों के मध्य समझौता हुआ की बेटी मां के घर नहीं जाएगी और ना ही फोन पर कोई बातचीत करेगी ताकि प्रताड़ना से बचे और पुलिस पंचायत के द्वारा यहां का दूरभाष नंबर भी दिया गया।

वहीं एक अन्य मामले में राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक वृद्ध ने शिकायत की है कि उनके बेटी के मकान में एक व्यक्ति रह रहा है, जिस पर साढ़े 90 लाख रुपए किया बाकी है। वह ताला लगातार मद्रास में रह रहा है। इस पर पुलिस ने किराए से बात कर रुपए देने की हिदायत दी गई।

# सेंट्रल जेल में ठगोरी पायल पर विशेष निगरानी

**इंदौर ● स्वदेश समाचार**

मोबाइल कांड की आरोपी पायल को जिला जेल से सेंट्रल जेल शिफ्ट कर दिया गया। इस बीच इस शातिर ठगोरी को निगरानी में रखा गया है। ताकि वो यहां पर भी किसी तरह का कोई खुराफात न कर सके।

ठगी के मामले में जेल में बंद पायल सैमअुल को अब उसके द्वारा की गई करतूतें भारी पड़ रही हैं। मोबाइल मिलने के बाद जहां उसे जिला जेल से सेंट्रल जेल शिफ्ट कर दिया गया है वहीं उसे विशेष निगरानी में रखा जा रहा है। उस पर निगरानी रखने के लिए एक महिला प्रहरी को वहां लगाया गया है। वहीं महिला वार्ड की प्रभारी को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

### डाईट के हिसाब से दिया जा रहा खाना

*डॉक्टरों की सलाह पर जो डाईट उसे जिला जेल में दी जा रही थी वहीं डाईट उसे सेंट्रल जेल में भी अफसर उपलब्ध करा रहे हैं और उसकी समूची जानकारी जेल मुख्यालय को भी भेजी गई। डीजी जेल के भी सख्त निर्देश हैं कि उसे कड़े प्रहरे में रखा जाए।*

### महिला बंदी पूछ रही कैसी चलाती थी मोबाइल

*सेंट्रल जेल में शिफ्ट होने के बाद ठगोरी पायल सैमुअल से अन्य महिला बंदी पूछ रही हैं कि तू दो माह से मोबाइल चला रही थी और उसकी भनक तक अफसरों को नहीं थी ऐसा तुमने कैसे करा। वहीं महिला प्रहरी भी उससे यही बात पूछ रही हैं।*

### रख रहे निगरानी में

*सेंट्रल जेल अधीक्षक अलका सोनकर ने बताया कि कैदी पायल सैमुअल को विशेष निगरानी में रखा गया है वहीं उसे समझाइश भी दी गई है कि जेल में उसका आचरण ठीक रहे वरना कड़ी कार्रवाई की जाएगी।*

# छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**इंदौर ●** बी.कॉम की छात्रा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। वह मंगलवार को घर पर अकेली थी। माता-पिता धार्मिक यात्रा में शामिल होने गए थे। वापस लौटे तो घटना का पता चला। पुलिस ने छात्रा का मोबाइल जब्त कर लिया है।

हीरानगर पुलिस ने बताया कि मामला गणेश धाम कॉलोनी का है। यहां की ईशिका पिता मुकेश पाल (20) ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। वह गुजराती कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी। उसने इस साल फर्स्ट ईयर की परीक्षा दी थी, जिसका अभी तक परिणाम नहीं आया था। वह कई दिनों से कॉलेज भी नहीं जा रही थी। ईशिका के पिता क्षेत्र में ही एक रेस्टोरेंट का संचालन करते हैं। परिवार कबीटखेड़ी से निकलने वाली खाटू श्याम की यात्रा में जाने को कहा था। ईशिका ने इनकार करते हुए एक्टिवा से आने की बात कही थी। बाद में परिवार उसका इंतजार करता रहा, लेकिन वह नहीं आई। परिजन देर शाम जब घर लौटे आए तो ईशिका अंदर फंदे पर लटकी मिली। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामला जांच में लिया है।


**Presiding Officer : मुकेश नाथ**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCS A/0700001/2012)

संजयसिंह .........वादी Vs मोतीलाल .........प्रतिवादी

**Process ID-/2022, पेशी, दिनांक : 28/09/2022**

**प्रेषिती :-** (1) सरला पति कैलाशचंद्र खण्डेलवाल पता-34 जुनियर एमआईजी बजरंग नगर, जिला इंदौर म.प्र. (2) कैलाशचंद्र पिता गौरीशंकर खण्डेलवाल पता-34 जुनियर एमआईजी डुप्लेक्स बजरंग नगर जिला इंदौर म.प्र.

यह कि प्रार्थी संजयसिंह ने आपके विरूद्ध सिविल सूट ए के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 01 September 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**न्यायालय की मुद्रा** **( मुकेश नाथ )**

**टिप्पणी :** वाद पत्र अंतर्गत आदेश 7 नियम 1 सीपीसी की नकल संलग्न। पेपर प्रकाशन हेतु **बाईसवें जिला न्यायाधीश इंदौर ( म.प्र. )**

**कृपया ध्यान दें :-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा।


# आवारा पशु व सूअर पाए जाने पर बाड़ा तोड़ने की होगी कार्रवाई

**इंदौर ●** आयुक्त प्रतिभा पाल द्वारा कोंदवाड़ा एवं रिमूवल विभाग की समीक्षा बैठक ली गई। अभियान में आवारा पशु व सूअर पाए जाने पर बाड़ा तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में अपर आयुक्त संदीप सोनी, उपायुक्त लता अग्रवाल, समस्त भवन अधिकारी, भवन निरीक्षक, कोंदवाडा व रिमूवल विभाग के सुपरवाइजर व उक्त विभाग में पदस्थ टीम के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे। आयुक्त प्रतिभा पाल द्वारा बैठक में निर्देश दिये गये कि विगत दिनों से यह देखने में आ रहा है कि शहर में कई स्थानों पर आवारा पशु व सूअर दिखाई दे रहे हैं, जबकि मेयर-इन-कौंसिल द्वारा आवारा पशुओं पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह भी जानकारी मिली है कि कई स्थानों पर पशु पालकों द्वारा आवारा पशु एवं सूअर पालने के लिए अवैध रूप से बाड़े भी बनाये गये हैं। उक्त क्रम में आयुक्त द्वारा समस्त कोंदवाड़ा सुपरवाइजर और रिमूवल विभाग के सुपरवाइजर को निर्देशित किया गया।


**परागफैन्स एंड कूलिंग सिस्टम्स लिमिटेड**

**सीआईएन : U51102MP1991PLC006760**

प्लाट नंबर 1/2बी और 1बी/3ए, इंडस्ट्रियल एरिया नंबर 1, एबी रोड, देवास- 455001 (म.प्र.) भारत

फोन: +91-7272-425100,425102 | फैक्स: +91-7272-400273

**इकतीसवी वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना**

**बुक क्लोजर और ई-वोटिंग की जानकारी**

एतद द्वारा सुचना दी जाती है की कंपनी के सदस्यों की इकतीसवी साधारण सभा (ए. जी. एम.) सोमवार, 26 सितंबर, 2022 को अपराह्न 04:00 बजे पंजीकृत कार्यालय प्लॉट नंबर 1/2 बी और 1 बी/3 ए, औद्योगिक क्षेत्र संख्या 1, एबी रोड, देवास (एम.पी.) में आयोजित होगी, जो उक्त सभा की दिनांक 02 सितम्बर 2022 को प्रेषित सूचना मे दिए अनुसार कार्यवाही सपन्न होगी।

वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट बैठक आयोजित करने वाली सूचना सहित सदस्यों को उनके पंजीकृत पते पर पोस्ट / कूरियर द्वारा भेजा गया है, और उन सदस्यों के लिए इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेजा गया है जिन्होंने जमाकर्ताओं / कंपनी के साथ अपना ई-मेल पता पंजीकृत किया है।

कहा गया एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट (paragfans.com) पर उपलब्ध है और सभा की तारीख तक व्यवसाय के घंटों के दौरान सभी कार्य दिवसों पर कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में निरीक्षण के लिए भी उपलब्ध है।

आगे सूचित किया जाता है कि सदस्यों का रजिस्टर तथा कंपनी का शेयर स्थानान्तरण खाता मंगलवार, 20 सितंबर, 2022 से सोमवार, 26 सितंबर, 2022 तक (दोनों दिन सहित) बंद रहेगा।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के अनुपालन में, कंपनियां (प्रबंधन और प्रशासन) नियम 2014 और भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण की आवश्यकता) विनियम, 2015, सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपने वोटों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से डालने की सुविधा प्रदान की जाती है। सीडीएसएल द्वारा प्रदान की जाने वाली मतदान सेवाएं, नोटिस में बताए गए सभी प्रस्तावों पर ई-मतदान अवधि 23/09/2022 प्रातः 9:00 बजे शुरू होगी और 25/09/2022 सायं 5:00 बजे पर समाप्त होगी स उसके बाद सीडीएसएल द्वारा ई-मतदान मॉड्यूल अक्षम किया जाएगा। एक बार प्रस्ताव पर मतदान सदस्य द्वारा डाला जाता है, तो सदस्य को बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सदस्यों का मतदान अधिकार 19/09/2022 की कटऑफ तिथि के रूप में भुगतान की गई इक्विटी शेयर पूंजी के अपने हिस्से के अनुपात में होगा। ई वोटिंग की प्रक्रिया एजीएम की सूचना और सीडीएसएल द्वारा सदस्यों को ईमेल संचार के साथ-साथ सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है।

एक सदस्य मतदान के केवल एक मोड का चयन कर सकता है, जो कि एजीएम में ई-वोटिंग या मतपत्र के माध्यम से होता है। यदि कोई सदस्य दोनों तरीकों से वोट देता है, तो मतदान के माध्यम से किए गए मतदान को मान्य माना जाएगा और मतपत्र को अमान्य माना जाएगा।

ई-वोटिंग के संबंध में किसी भी प्रश्न या शिकायतों के मामले में, सदस्य, उमेश नांबियार कंपनी के निदेशक से ईमेल आईडी info@paragfans.com या मोबाइल नंबर पर 9993027021 पर संपर्क कर सकते हैं।

परागफैन्स एंड कूलिंग सिस्टम्स लिमिटेड के लिए
हस्ता/-
उमेश नाम्बियार
पूर्णकालिक निदेशक
(डीआईएन : 02566355)

तिथि : 08.09.2022
स्थान : देवास


# निगम में कर्मचारी गायब मिले तो अधिकारियों पर भी होगी कार्रवाई- महापौर

**इंदौर ● स्वदेश समाचार**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा आज क्षेत्रीय पार्षदों व जनप्रतिनिधियों के साथ झोन 11 व 18 के झोनल कार्यालय में झोन की विभागवार समीक्षा की गई।

बैठक में विधायक महेन्द्र हार्डिया, आकाश विजयवर्गीय, अपर आयुक्त ऋषभ गुप्ता, अभय राजनगांवकर, महापौर परिषद सदस्य मनीष शर्मा मामा, नंदकिशोर पहाड़िया, राजेश उदावत, पार्षद विजय लक्ष्मी गौहर, महेश बंसवाल, पंखुडी जैन डोसी, मलखानसिंह कटारिया, सावित्री सुदामा चौधरी, मृदुल अग्रवाल, फौजिया शेख, पार्षद प्रतिनिधि अंसाफ अंसारी, शेख अलीम, झोनल अधिकारी बृजमोहन भगोरिया, अतिक खान, अधीक्षण यंत्री अशोक राठौर, लक्ष्मीकांत वाजपेयी, राकेश अखण्ड, संजीव श्रीवास्तव, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी, सीएसआई, उद्यान दरोगा, विद्युत दरोगा, पीएचई, जनकार्य, जलयंत्रालय विभाग के सब इंजीनियर, उपयंत्री, झोन इंचार्ज व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। महापौर श्री भार्गव ने झोनवार समीक्षा बैठक के दौरान झोन क्षेत्र के विभिन्न विभागों में पदस्थ्य कर्मचारियों की अनुपस्थिति को लेकर कहा कि कर्मचारी अगर कार्य में बिना सक्षम स्वीकृति के लगातार अनुपस्थित रहता है और कार्य पर कर्मचारी नहीं आता है तो संबंधित कर्मचारी के साथ अधिकारी पर भी कार्रवाई की जाएगी, साथ ही महापौर ने कहा कि झोन क्षेत्र में विभिन्न विभागों का निर्धारित कार्य समय पर हो, इसके लिए जो करना है, अधिकारी करे।


**नाम संशोधन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में कुछ दस्तावेजों में त्रुटिवश मेरा नाम विजय कुमार सचादेवा VIJAY KUMAR SACHADEVA अंकित हो गया था, जबकि मेरा सही एवं वास्तविक नाम विजय कुमार सचदेवा VIJAY KUMAR SACHDEVA है। यह दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है अर्थात मेरे ही है। अतः भविष्य में मुझे मेरे संशोधित सही एवं वास्तविक नाम **विजय कुमार सचदेवा VIJAY KUMAR SACHDEVA** से ही जाना एवं पहचाना जाए।

**VIJAY KUMAR SACHDEVA**
S/O Basant Ram Sachdeva
404, Manav Heights 4th Floor,
74 ManikBagh Road,Indore



**कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला खण्डवा (म.प्र.)**

क्रमांक/मबावि/पो.आ./2022-23/3566 खण्डवा, दिनांक 2/09/2022

**// टेक होम राशन परिवहन विज्ञप्ति //**

खण्डवा जिले में संचालित 08 बाल विकास परियोजनाओं के कार्यालय गोदाम से उनके नाम के सम्मुख संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों तक पूरक पोषण आहार (टेक होम राशन) के परिवहन व्यवस्था की जाना है।

| क्र. | परियोजना कार्यालय/मुख्यालय नाम | आंगनवाड़ी केंद्रों की कुल संख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | | आंगनवाड़ी केंद्र | मिनी आंगनवाड़ी | योग |
| 1 | खालवा | 338 | 13 | 351 |
| 2 | हरसूद | 136 | 0 | 136 |
| 3 | बलड़ी | 64 | 3 | 67 |
| 4 | पुनासा | 247 | 5 | 252 |
| 5 | छैगावमाखन | 168 | 2 | 170 |
| 6 | पन्धाना | 306 | 28 | 334 |
| 7 | खण्डवा (ग्रामीण) | 200 | 0 | 200 |
| 8 | खण्डवा (शहरी) | 172 | 0 | 172 |
| | कुल योग | 1631 | 51 | 1682 |

उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय वल्लभभवन भोपाल को ज्ञापन क्रमांक/एफ 3-2/2016/50-2 भोपाल, दिनांक 05-05-2016 द्वारा स्वीकृत 100/-रूपए प्रति क्विंटल, प्रति आंगनवाड़ी केन्द्र प्रतिमाह की सीमा में उक्तानुसार 8 परियोजनाओं हेतु पोषण आहार परिवहनकर्ताओं/ वाहन मालिकों से निविदा प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर (कार्य दिवस ) परिवहन दरे आमंत्रित की जाती है। टेक होम राशन परिवहन के लिये आवेदन पत्र दरे/सहमति प्रस्तुत करने के लिए कार्य दिवस एवं कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग सिविल लाईन खण्डवा वांछित जानकारी एवं आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

**जिला कार्यक्रम अधिकारी**
**महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला खण्डवा**

जी-16523/22

मास्क का उपयोग करें, कोरोना से बचे


# महापौर ने की इण्डियन स्वच्छता लीग के तहत इनक्रेडिबल इंदौरी टीम लॉन्चिंग

**इंदौर ● स्वदेश समाचार**

शहर में स्वच्छ अमृत महोत्सव 2022 के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित इण्डियन स्वच्छता लीग में इंदौर शहर के टूरिस्ट क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा इंक्रेडिबल इंदौर टीम की 56 दुकान परिसर में लॉन्चिंग की गई। इस अवसर पर इनक्रेडिबल कैप्टन के रूप में वेंकटेश राजशेखर अय्यर को कप्तान चयनित किया गया एवं महापौर द्वारा कैप्टन कैप भी पहनाई गई।

इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे, स्वच्छता प्रभारी अश्विनी शुक्ल, महापौर परिषद सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया, पूर्व पार्षद संतोष गौर, महेश जोशी, अपर आयुक्त संदीप सोनी, एचएमएस प्रमुख सनप्रीत सिंह, गोपाल जगताप, 56 दुकान एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। अंतरराष्ट्रीय वायु दिवस के अवसर पर महापौर एवं अन्य अतिथियों द्वारा 56 दुकान के भट्टी फ्री मार्केट होने पर 56 दुकान एसोसिएशन के गुंजन शर्मा को प्रशस्ति पत्र एवं मेमन तो देखकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार इंदौर के वातावरण को बेहतर बनाने के लिए महापौर के आह्वान पर इंदौर में बनाए जा रहे अहिल्या वन को विकसित करने में सहयोगी संस्थाएं आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक एवं यंग इंडिया एसोसिएशन के पदाधिकारियों को भी प्रशस्ति पत्र एवं में मेमोंटो देकर सम्मान किया गया।


**विप्पी इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

सी.आई.एन.: U15142MP1973PLC001225

पंजीकृत कार्यालय: 28, इंडस्ट्रियल एरिया, ए.बी. रोड, देवास-455001 (म.प्र.)

फोन: 07272-258545, 46, फैक्स: 07272-258552

ईमेल: admin@vippysoya.com, वेबसाइट: www.vippysoya.com

**शेयरधारकों के लिए सूचना 48वीं वार्षिक आम बैठक ( एजीएम )**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी की **48वीं वार्षिक आम बैठक ( एजीएम ) शुक्रवार, 30 सितम्बर, 2022 को सुबह 11.30 बजे** दो-तरफा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी')/ अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ('ओएवीएम') के माध्यम से आयोजित की जाएगी। जिसमें एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट व्यवसायों को निष्पादित किया जाएगा। कम्पनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों के अनुसार और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, 20/2020 दिनांक 5 मई, 2020, सामान्य परिपत्र संख्या 02/2021 दिनांक 13 जनवरी, 2021, सामान्य परिपत्र संख्या 02/2022 दिनांक 5 मई, 2022 में निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन किया जाएगा।

एजीएम की वार्षिक रिपोर्ट सहित सूचना जिसमें ई-वोटिंग के माध्यम से एजीएम में भाग लेने की प्रक्रिया और तरीके शामिल हैं जो कि ईमेल के माध्यम से दिनांक 07 सितंबर, 2022 को सभी सदस्यों के पंजीकृत ई-मेल पते जो कि डिपॉजिटरी प्रतिभागियों / कम्पनी के आरटीए के साथ पंजीकृत है, उन पर भेजी गई है। कृपया ध्यान दें कि शेयरधारकों को एजीएम की वार्षिक रिपोर्ट सहित सूचना की भौतिक प्रतियां भेजने का अनुरोध एम.सी.ए. के परिपत्रों द्वारा समाप्त कर दिया गया है। एजीएम की वार्षिक रिपोर्ट सहित सूचना वित्तीय वर्ष 2021-2022 कम्पनी की वेबसाइट www.vippysoya.com एवं एन.एस.डी.एल. की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधान के अनुपालन में, कम्पनियों नियम 20 (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014, समय-समय पर संशोधित प्रपत्र कम्पनी के सदस्यों को एजीएम के नोटिस में निर्दिष्ट व्यवसायों पर एजीएम से पहले और एजीएम में इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से मतदान के अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान की गई है। कम्पनी ने दूरस्थ ई-वोटिंग, एजीएम में वीसी/ओएवीएम के माध्यम से भागीदारी और एजीएम के दौरान ई-वोटिंग प्रदान करने के लिए एनएसडीएल की सेवाओं को शामिल किया है। रिमोट ई-वोटिंग 27 सितम्बर, 2022 को सुबह 9.00 बजे से शुरू होगी और 29 सितम्बर, 2022 को सायं 5.00 बजे समाप्त होगी। शेयरधारक या तो भौतिक रूप में या डिमटेरियलाइजेशन रूप में ई-वोटिंग की कट-ऑफ दिनांक पर जो कि 23 सितम्बर, 2022 है वह शेयरधारक ई-वोटिंग के माध्यम से दूरस्थ ई-वोटिंग, एजीएम के दौरान ई-वोटिंग कर अपना वोट दे सकेंगे। दूरस्थ ई-वोटिंग को इसके अंतिम समय से परे नहीं होने दिया जाएगा। दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने वाले सदस्य एजीएम में शामिल हो सकते हैं, लेकिन एजीएम के दौरान फिर से मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। केवल वे सदस्य जिन्होंने दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से अपने वोट नहीं डाले हैं, वे एजीएम के दौरान वीसी के माध्यम से एजीएम में भाग लेकर ई-वोटिंग के माध्यम से अपने वोट डाल सकते हैं। कोई भी व्यक्ति, जो सूचना के प्रेषण के बाद सदस्य बन जाता है और कट-ऑफ दिनांक के अनुसार शेयरों को रखता है, evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर लॉगिन विवरण प्राप्त कर सकता है।

ई-वोटिंग या वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठक में भाग लेने के संबंध में प्रश्नों या समस्या के मामले में, टोल फ्री नंबर 1800-222-990 पर संपर्क करें या evoting@nsdl.co.in पर एक अनुरोध भेंजे या एनएसडीएल के अधिकारियों **सुश्री सरिता मोटे** से संपर्क करें। उनकी निर्दिष्ट ईमेल आईडी: evoting@nsdl.co.in या टेलीफोन : 1800 1020 990 एवं 1800 22 44 30 पर सम्पर्क करें या **श्री करन कपूर,** कंपनी सचिव को admin@vippysoya.com पर ईमेल कर सकते हैं।

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 91 के प्रावधानों के अनुसार सदस्यों के रजिस्टर और कम्पनी के शेयर ट्रांसफर खाते शनिवार, 24 सितम्बर, 2022 से शुक्रवार, 30 सितम्बर, 2022 (दोनों दिन शामिल) तक बंद रहेंगे।

कृते विप्पी इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./-
करन कपूर
कंपनी सचिव

स्थान: देवास
दिनांक: 07 सितम्बर, 2022

VIGILANCE

